# ठिठुरन भरी सर्द हवाओं ने कंपकंपाया

**खास बातें**

- दिनभर चला बादलों में सूरज की लुकाछुपी का दौर
- सर्द हवाओं से तापमान ने आई गिरावट



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 21 दिसम्बर, क्षेत्र में इन दिनों ठिठुरन भरी सर्द हवाओं से तापमान में काफी गिरावट आई है. सर्द हवाओं एवं तापमान में गिरावट का असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ रहा है. सर्द हवाओं से बचने के लिए लोग गर्म वस्त्रों, अलाव आदि का सहारा ले रहे हैं. वही दिन में भी आसमान में बादल के छाये रहने से बादलों में सूरज की लुकाछुपी का दौर चल रहा है. जिससे लोग धूप के लिए भी तरसते दिखाई दे रहे हैं.**

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी असर दिखा रही है. जैसे तैसे दिन तो बीत जाता है, लेकिन सुबह एवं रात को सर्द हवाओं से तापमान में काफी कमी आ जाती हैं. क्षेत्र में तापमान में कमी आने से लोग दिन में भी गर्म कपड़ों का उपयोग करते दिख रहे है. तो वही सुबह, शाम सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. क्षेत्र में रविवार को भी दिनभर सर्द हवाएं चलती रही.

## सर्दी का असर दिख रहा लोगों की दिनचर्या पर

सर्दी एवं शीतलहर के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है. सर्दी के कारण लोग अधिकांश समय घरों में व्यतीत कर रहे है. तथा घरों में रजाई, गर्म वस्त्रों में रहकर समय व्यतीत कर रहे है. सर्दी के बचाव के लिए गर्म वस्त्रों के साथ ही सुबह शाम अलाव का उपयोग कर रहे हैं. इन दिनों शीतलहर एवं सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के तापमान में काफी गिरावट आई है. हालांकि दिन में धूप निकलने से जैसे तैसे दिन बीत जाता है, लेकिन शाम होते ही सर्दी बढ़ने लगती है. दिन, रात के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है.

## यात्री प्रतीक्षालय, अस्पताल में की अलाव की व्यवस्था

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी बढ़ने के साथ ही लोग सुबह, शाम सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. जानकारी के अनुसार नगरपालिका द्वारा दो जगहों पर बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय एवं अस्पताल में अलाव की व्यवस्था की गई है. पूर्व के वर्षों में नपा द्वारा सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही थी. नागरिकों ने मांग की है कि नपा द्वारा इस वर्ष भी सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जावे. जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सके. वही सड़क पर विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं का भी सर्दी से बचाव हो सके. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नपा द्वारा दो जगह बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय एवं अस्पताल में अलाव की व्यवस्था की गई है.

इस दौरान दिन में आसमान में बादल छाए रहे. जिससे बादलों में सूरज की लुकाछुपी का दौर जारी रहा. लोग दिन में भी धूप को तरसते दिखे. तो वही रविवार को सुबह चारों ओर घना कोहरा छाया रहा. लोगों का मानना है कि ठंड का यह सिलसिला आगामी दिनों में भी जारी रहेगा.

कोहरे के कारण रेंगते दिखे वाहन क्षेत्र में इन दिनों सुबह चारों ओर घना कोहरा भी दिखाई दे रहा है. रविवार को सुबह क्षेत्र में कोहरा दिखा. कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता भी कम रही. जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ती दिखी. लोग सुबह वाहनों की हेडलाइट जलाकर वाहन चलाते दिखे. वही धूप निकलने पर कोहरे में कमी आई. जिससे लोगों ने राहत की सांस ली.

# शौचालय हुए बंद, भरी पड़ी गंदगी

**लोगों को हो रही परेशानी**




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 21 दिसम्बर, नगर पालिका परिषद द्वारा जिन शौचायलयों का निर्माण कराया गया था. उनकी हालत बहुत खराब है.कुछ शौचालयों में गंदगी भरी पड़ी है. जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू फैली हुई है सफाई कामगार सफाई नहीं कर रहे हैं.**

वार्ड क्रमांक 9 में पाराशरी नदी के निकट जो शौचालय था. वह अब बंद हो गया है उसमें गंदगी ठसा ठस भरी पड़ी है.ठेका बंद होने के पश्चात नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया. दूसरी व्यवस्था नहीं की. इसके चलते लोगों ने शौचालय के दरवाजे तोड़ दिए तथा तोड़फोड़ कर दी अंदर गंदगी करने के कारण बहुत बुरी स्थिति बनी हुई है.सड़क किनारे होने के नाते यहां अधिक लोगों का आना-जाना होता था.शासन स्वच्छता अभियान पर लाखों रुपए खर्च कर रही है.परंतु यहां की हालत देखते ही बनती है शहर में और भी जो शौचालय मूत्रालय बने हैं.वह भी नियमित साफ नहीं होते स्वास्थ्य अधिकारी न होने के कारण स्थिति बिगड़ रही है.नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी का स्थानांतरण हो गया.इसके बाद रिटायर्ड स्वास्थ्य अधिकारी राजेश नेमा को रखा गया था. परंतु उन्हें तीन माह की वेतन देने के बाद वेतन देना रोक दिया.इसके चलते उन्होंने अपनी सेवाएं देना बंद कर दी यही वजह है की सफाई कामगार लापरवाह हो गए. कोई देखने सुनने वाला नहीं है.इसके साथ इंजीनियर लेखापाल आदि ने भी अपना स्थानांतरण करा लिया. मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता वह कामकाज नहीं कर पा रहे हैं.इससे नगर पालिका के कार्य प्रभावित हो रहे हैं.

## कामकाज हो रहा ठप्प

कर्मचारियों ने बताया कि वह फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं करते इस स्थिति में सारे कामकाज रुके पड़े हैं.आम जनता परेशान है इसके साथ नामांतरण भी नहीं हो रहे हैं .नागरिक नगर पालिका परिषद के चक्कर लगा रहे हैं सफाई व्यवस्था की हालत बहुत खराब है. नगर पालिका में जो दरोगा पदस्थ किए गए हैं वह भी सफाई व्यवस्था नहीं देखते. प्रेसिडेंट इन काउंसिल समितियां जिनको कार्यभार सोपा गया है.वह भी कभी बस्तियों में जाकर स्थिति नहीं देखते.अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं नाम दरोगा जैसी स्थिति बनी हुई है.

## रक्त सेवा समिति की मनेगी रजत जयंती

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, रक्त सेवा समिति मध्य प्रदेश गंजबासौदा का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सभी स्थाई सदस्यों का परिवार मिलन कार्यक्रम होगा.इस हेतु रक्त सेवा समिति कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति के कार्यक्रम की योजना बनाई गई.इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित हुए.25 दिसंबर को दोपहर 12. 30 बजे से वेदांत आश्रम त्योंदा रोड गंजबासौदा में होगा.इस कार्यक्रम में रजत जयंती वर्ष के विशेष अंक पत्रिका का विमोचन होगा और 75 वर्ष की आयु पूरी किए हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान किया जाएगा.साथ ही आए हुए अतिथियों का मार्गदर्शन, उद्बोधन प्राप्त होगा. महिला शाखा के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी.

## बगरोदा में हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई ध्वज स्थापना

**गांव में मुख्य मार्गों से निकली कलश यात्रा**

**बगरोदा में 20 जनवरी को प्रस्तावित है हिंदू सम्मेलन**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र के ग्राम बगरोदा में 20 जनवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के पूर्व तैयारियों के तहत रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में ध्वज स्थापना एवं कलश पूजन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ ध्वज स्थापना की गई. जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता की. कार्यक्रम से पूर्व गांव के श्री राधाकृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. यह यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंची.**

यात्रा के दौरान संकीर्तन, भजन और जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. कलश यात्रा में बगरोदा सहित आसपास के करीब 10 गांवों वामनखेड़ी, छिपीखेड़ी, भटोली, भटाटोरा, वीरपुर, मनीरामपुर, परसोरा, आमाढाना एवं भाऊखेड़ी के ग्रामीणों ने भाग लिया. कलश यात्रा में बालिकाएं एवं महिलाएं सिर पर कलश लेकर पैदल चल रही थी. वहीं लोग हाथों में ध्वज लेकर संकीर्तन करते हुए चल रहे थे. इस दौरान समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर दृश्य देखने को मिला. भूमिपूजन के यजमान समाजसेवी मदनसिंह रघुवंशी रहे. ध्वज स्थापना एवं पूजन के उपरांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक वीरेंद्र रघुवंशी ने जनसमुदाय को संबोधित किया. उन्होंने सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन परंपरा समाज को संस्कार, सेवा और संगठन का संदेश देती है. वर्तमान समय में समाज का संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है.

## ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आज से रामलीला का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सांची,** आज सोमवार से ऐतिहासिक स्थल स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा.कार्यक्रम का प्रारंभ विधिवत रूप से भगवान गणेश की स्थापना के साथ होगा.रामलीला मंचन में नगर के युवा कलाकार विभिन्न पात्रों के रूप में अपनी सशक्त भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए दर्शकों का मन मोहेंगे.यह मंचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा.आयोजकों के अनुसार रामलीला का समापन 9 जनवरी को भगवान श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक मंचन के साथ किया जाएगा.धार्मिक आस्था के साथ-साथ यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना और परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करेगा.

## विद्युत मंडल नए मीटर की जल्दबाजी में भूला बिजली व्यवस्था

**केबलें हो रही फॉल्ट, व्यवस्था बेहाल**

नवभारत न्यूज

**सांची, वैसे तो इस स्थल की ऐतिहासिकता के मध्येनजर यहां बिजली हमेशा उपलब्ध कराने के वायदे तो किए गए. परन्तु मंडल ने व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्था मे बदल डाली जिससे लोग खासे परेशान दिखाई देते है.**

जानकारी के अनुसार इन दिनों मंडल लगातार नये मीटर लगाने की कवायद में जुटा हुआ है तथा नगरी के आधे से अधिक मीटर बदले भी जा चुके है तथा शेष रहे मीटर के बदलने की मंडल को जल्दी पडी है.हालांकि नये मीटर के बदलने की जल्दबाजी में मंडल नगर में बिजली व्यवस्था जुटाने से बेखबर हो चुका है हालांकि हमेशा शिकायत का एक ही जबाव मिलता है केवल जल गई.परन्तु बिजली व्यवस्था की चिंता से मंडल अनभिज्ञ बनकर रह गया है तब आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजली रहे न रहे नये मीटर जरूर लगना चाहिए हालांकि इस स्थल पर बिजली कब जाये कितनी देर तक जाये कब आये कोई समय निश्चित नहीं रहता हालांकि मंडल इससे भी बेखबर है कि बिजली से ही सारी बैंकों सरकारी दफ्तरों सहित अन्य कार्य होते है जो पूरी तरह बिजली पर ही निर्भर रहते है.जिससे सारी व्यवस्था अव्यवस्था मे बदल जाती हैं तथा लोग परेशान होते रहते है तब आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब इस विश्व ऐतिहासिक स्थल मैं बिजली अव्यवस्था के यह हाल है तब ग्रामीण क्षेत्रों के हाल बेहाल होगें इससे न केवल उक्त समस्याओं से जूझना पड़ता है बल्कि नगर की पेयजल आपूर्ति भी पूरी तरह चरमरा जाती हैं इसके साथ ही नगर में कब बोल्टेज कम हो जाये कब बढ जाये तथा लोगों का इस वोल्टेज घटने बढने से कितना नुकसान हो इससे मंडल को कोई सरोकार नहीं रहा है इस ऐतिहासिक स्थल की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है इस व्यवस्था की ओर न तो मंडल के अधिकारी न ही जिलाप्रशासन की नजर पहुंच पा रही हैं.इस नगर में बड़े जोरशोर से करोड़ों रुपये की सरकार की राशि की बलि चढाते हुए सौर ऊर्जा से बिजली बचाने की धींगे भरी थी वह भी पूरी तरह टांयटांय फिश होकर रह गई अब लोगों की जुबान पर सौर ऊर्जा के नाम पर करोड़ों की राशि पर चूना लगने पर भी शंका खडी होने लगी हैं.

## शहर वाचनालय ने शहीदों को किया याद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को याद किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहां पर जिले में हुआ था.**

पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जैसे अमर दानी विरले ही जन्म लेते हैं.उनके साहस और पराक्रम से अंग्रेज भी भय खाते थे वही ठाकुर रोशन सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक क्रांति वीर थे एवं अशफाक उल्ला खान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी थे. यह वीर शहीदों में एक नाम है विजय अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तीनों क्रांतिकारियों की शहादत को हम कभी भूल नहीं सकते 9 अगस्त 1925 को काकोरी के पास सरकारी खजाना लूट लिया अंग्रेज सरकार ने इन पर मुकदमा चलाया और 19 दिसंबर 1927 को रामप्रसाद बिस्मिल ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान को काकोरी ट्रेन साजिश में शामिल होने के लिए फांसी दे दी गई.अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया.इस अवसर पर पहलाद सिंह भावसार, फूलचंद कुशवाहा, दीपक अग्रवाल सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

**नि:शुल्क सेवा**

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

**मोबाइल में बजता है**

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, प्रथम पुरस्कार एक लाख



नवभारत न्यूज

**पठारी, स्वर्गीय सनमान सिंह यादव की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ स्थानीय चश्मा ग्राउंड पर किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के जॉइंट सेक्रेटरी संदीप सिंहडोंगर शामिल हुए. टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये द्वितीय पुरस्कार 41 हजार रुपये के अलावा अन्य कई इनाम वितरित किए जाएंगे.**

संदीप डोंगर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में शामिल होकर तन मन और समाज को स्वस्थ रखा जा सकता है. सभी खिलाड़ियों से परिचय के बाद कुरवाई और राहतगढ़ के बीच पहला लीग मैच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में राहतगढ़ की टीम विजयी हुई. दूसरा लीग मैच पठारी और सूजा के बीच खेला गया जिसमें सूजा की टीम विजय रही. इस अवसर पर कप्तान सिंह यादव संतोष ठाकुर बीना तहसीलदार अभिषेक पांडे थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी अखिलेश पंथी हरिनेश यादव विनय चौधरी अजय कठरया देवेंद्र सिंह परिहार शैलेंद्र चौधरी अरुण सहेले राजेश रिछारिया ,मनोज सिंघई रोहित रिछारिया गिरिराज किशोर दीक्षित मनोज रिछारिया आदि मौजूद रहे.



## तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कुरवाई थाना परिसर में तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया.कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने एकाग्रता से सुना एवं सामूहिक रूप से ध्यान अभ्यास किया.इस अवसर पर विधायक हरि सिंह सप्रे, एसडीएम मनीष जैन, एसडीओपी रोशनी सिंह, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, थाना प्रभारी पंकज गीते सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.कार्यक्रम के दौरान ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया. यह प्रयास समाज के प्रत्येक वर्ग को मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत ग्यारहवाँ चरण संपन्न**

# दिसंबर की ठंड भी नहीं रोक सकी श्रमदानियों का संकल्प



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, दिसंबर की कड़ाके की ठंड के बावजूद नदी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध श्रमदान दल का उत्साह और संकल्प कमजोर नहीं पड़ा.रविवार को दल के आवाहन पर बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत ग्यारहवें चरण का स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया.**

हर रविवार की परंपरा के अनुसार इस सप्ताह भी श्रमदान दल के सदस्य प्रात:काल रिपटा घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों के आसपास फैले कचरे की व्यापक सफाई की.स्वच्छता अभियान के दौरान घाट क्षेत्र से—घरेलू उपयोग की फेंकी गई सामग्री, पूजनङ्कहवन के पश्चात शेष बची सामग्री, पूजा में प्रयुक्त वस्त्र, दाह संस्कार के बाद शेष बचे अवशेष, मुंडन संस्कार के पश्चात इधर-उधर कटाए गए बाल तथा लापरवाहीवश फेंकी गई सेविंग ब्लेड एवं अन्य नुकीले अपशिष्ट को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। ग्यारहवें चरण में दल के सदस्यों ने छह से सात बोरी कचरा एकत्र किया.

### सीमित आवाजाही एवं ठंड के मौसम में माइक्रो-प्लास्टिक पर विशेष फोकस

श्रमदान दल के सदस्य एवं पेशे से शिक्षक पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों मौसम ठंडा होने के कारण नदी एवं घाटों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम है. इसके चलते सामान्य दिनों की तुलना में नदी के घाटों पर फेंके जाने वाले कचरे की मात्रा में भी कमी आई है उन्होंने कहा कि इसी कारण श्रमदान दल पिछले तीन सप्ताह से विशेष रूप से माइक्रो-प्लास्टिक के संग्रहण पर जोर दे रहा है, क्योंकि यही सूक्ष्म कचरा लंबे समय तक नदी के लिए ओर भी अधिक घातक सिद्ध होता है.श्रमदान के दौरान दल के सदस्यों को हर सप्ताह बड़ी मात्रा में सेविंग ब्लेड मिल रही है जिसे दल ने घोर लापरवाही का परिणाम बताया.यह न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं, श्रमदानियों जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।दल के वरिष्ठ सदस्य दीपेश शर्मा कहते है कि श्रमदान समूह निरंतर घाटों पर दशाकर्म पूजन हेतु पहुँचने वाले शोकाकुल परिजनों एवं सेन समाज के शिल्पकारों से सहयोग की अपील करता आ रहा है.इसके लिए घाट पर नपा के सहयोग सेचबूतरे भी बनाए गए है इसके बावजूद कुछ हठी और संकुचित मानसिकता के लोग श्रमदान दल के प्रयासों और नदी जल स्वच्छता अभियान की उपेक्षा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि नदियों की स्वच्छता में ही स्वस्थ समाज का आधार स्तंभ निहित है. यदि आज हमने नदियों की स्वच्छता की अनदेखी की, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी.श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि निरंतर व्यवहार परिवर्तन और सामाजिक जिम्मेदारी का विषय है.जिसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है आज देश भर वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण की बात हो रही है हर कोई किसी न किसी रूप में उक्त प्रदूषणों से प्रभावित एवं संक्रमित भी हो रहा है बाबजूद इसके लोग अपनी आदतों और रहन सहन में बदलाव नहीं करना चाहते .आज हर एक को समझना होगा कि स्वच्छता अभियान का नहीं, संस्कार का, व्यवहार का, आचरण का विषय है और यही गुण मानव को पशु से भिन्न बनाता है . ग्यारहवें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में पीयूष श्रीवास्तव, राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, शेखर अहिरवार, संस्कार अग्रवाल एवं आकाश जैन ने अपनी सहभागिता दर्ज की.

## छात्रों की समस्याओं को लेकर की प्राचार्य से चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ने महाविद्यालय पहुंचकर छात्रों की समस्या को लेकर प्राचार्य से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने बीए कक्षा के छात्रों की प्रेजेंटेशन फाइल एक दुकान पर मिलने की शिकायत की.अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मध्यभारत प्रांत की कार्य समिति सदस्य तथा विदिशा विभाग की छात्रा प्रमुख वंदना यादव ने बताया कि उनको बीए कक्षा के छात्रों की प्रेजेंटेशन फाइल एक दुकान की मान्य किए जाने के संबंध में छात्रों की शिकायत मिली थी. जिसपर उन्होंने महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य से चर्चा कर छात्रों की समस्या के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि छात्र पहले ही फाईल तैयार कर चुके हैं. जिससे छात्र परेशान हो रहे हैं. छात्रों से इस तरह से फाइल लेना सरासर गलत है. उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान प्राचार्य ने इस तरह की बात होने से इंकार करते हुए छात्रों की तैयार फाइल ही जमा कराने की बात कही. इस संबंध में फोन लगाने पर प्राचार्य से चर्चा नहीं हो सकी.



## विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पीएमश्री हाई सेकेंडरी स्कूल आनंदपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर,** विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल आनंदपुर के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम क्षेत्र स्तर पर गौरवान्वित किया. प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान मॉडल न केवल आकर्षक थे, बल्कि वे समाजोपयोगी एवं व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर आधारित भी रहे.विद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, जल प्रबंधन, स्मार्ट तकनीक एवं दैनिक जीवन से जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें निर्णायक मंडल द्वारा विशेष रूप से सराहा गया. छात्रों की स्पष्ट प्रस्तुति, विषय की गहरी समझ और आत्मविश्वास ने सभी का ध्यान आकर्षित किया.प्रदर्शनी के उपरांत चयन समिति द्वारा पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल आनंदपुर के विज्ञान मॉडलों को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया. यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है.इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय एवं विज्ञान मॉडल चयन समिति के माननीय सदस्यों ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने तथा जिला स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया.